Rajasthan Patrika

EDII

November 9, 2023
Pg.3

देवभूमि उद्यमिता योजना | छह दिनों का फैकल्टी मेंटर डवलपमेंट प्रोग्राम

उत्तराखंड के प्रोफेसर सीख रहे प्रशिक्षण के गुर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

अहमदाबाद. उत्तराखंड के प्रोफेसर इन दिनों भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) अहमदाबाद में उद्यमिता प्रशिक्षण के गुर सीख रहे हैं। देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत छह दिनों का फैकल्टी मेंटर डवलपमेंट प्रोग्राम के लिए ये प्रोफेसर यहां आए हैं।

उत्तराखंड सरकार के उच्च शिक्षा विभाग की ओर से पहले कोहोर्ट के तहत 22 प्रोफेसर आए हैं। इस योजना के नोडल अधिकारी व उच्च शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक डॉ दीपक पाण्डेय ने बताया कि योजना का उद्देश्य राज्य के विश्वविद्यालयों एवं राजकीय संस्थानों में नयी शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप नवाचार एवं उद्यम का पारिस्थिति तंत्र विकसित करना है। इस योजना के तहत तीन कोहोर्ट में कुल 90 प्रोफेसरों को उद्यमिता का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न राजकीय संस्थानों से 22 फैकल्टी पहुंचे हैं। इनमें देहरादून , नैनीताल व टिहरी गढ़वाल से 3-3, अल्मोड़ा, चमोली, हरिद्वार व पौड़ी गढ़वाल से 2-2 तथा बागेश्वर, चम्पावत, पिथोरागढ़, रुद्रप्रयाग व उत्तरकाशी से एक फैकल्टी शामिल हैं। इनका चयन जनरल इंटर एन्टप्राइज़गिं टेनडेसी टेस्ट (जीईटीटी) टेस्ट के माध्यम से किया गया है। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान प्रशिक्षकों के सहयोग से इस योजना का क्रियान्वयन करेगा। अगले 5 वर्षो मे पचास हजार छात्रों को उद्यम के प्रति जागरूक और पंद्रह हजार छात्रों को उद्यमिता का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

प्रत्येक संस्थान में देवभूमि उद्यमिता केंद्र की स्थापना

ईडीआईआई के मुताबिक इस छह दिवसीय कार्यक्रम में प्रोफेसरों को इस प्रकार से तैयार किया जाएगा कि वे अपने-अपने संस्थान में एक मैंटर के रूप में छात्रों को मार्गदर्शन दे सकें। प्रशिक्षण के तहत नवाचार, उद्यम की मूलभूत जानकारी, राज्य व केंद्र सरकार की ओर से संचालित योजनाओं तथा इन योजनाओं को अपने संस्थान को लाभान्वित करने के उपाय शामिल हैं। ये मेंटर योजना की विभिन्न गतिविधियों को अपने -अपने संस्थानों में आयोजित करेंगे।